देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 118 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...पहाड़ी राज्यों का विकास सेवा



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 7 अगस्त 2021





# गोगरा इलाके से पीछे हटा चीन

## भारतीय सेना ने कहा, राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने शुक्रवार को कहा कि चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख के गोगरा इलाके से पीछे हट गए हैं। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि 12वें दौर की कोर कमांडर स्तर की बातचीत में हुए समझौते के अनुसार भारत और चीन पूर्वी लद्दाख के गोगरा क्षेत्र में सेनाओं की वापसी पर सहमत हुए थे। इस समझौते के अनुसार भारत–चीन ने चरणबद्ध, समन्वित और सत्यापित तरीके से पीपी–17 में अग्रिम तैनाती बंद कर दी है। सैनिकों के वापसी की प्रक्रिया 4 से 5 अगस्त के दौरान हुई। मौजूदा वक्त में दोनों देशों की सेनाओं के जवान अपने–अपने स्थायी ठिकानों में हैं।

भारतीय सेना ने आगे कहा कि पूर्वी लद्दाख के गोगरा में वापसी की प्रक्रिया में दोनों सेनाओं द्वारा

- सभी अस्थायी एवं अन्य बुनियादी ढांचे भी गिराए
- किसी भी प्रकार का एकतरफा बदलाव स्वीकार्य नहीं होगा

सभी अस्थायी एवं अन्य बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया गया। यही नहीं इस प्रकिया को मुकम्मल तौर पर पारस्परिक रूप से सत्यापित भी किया गया। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक बयान में यह भी बताया कि गतिरोध से पूर्व की स्थिति के लिए दोनों पक्षों द्वारा क्षेत्र में लैंडफॉर्म को बहाल कर दिया गया है। यह समझौता सुनिश्चित करता है कि इस क्षेत्र में कायम एलएसी का कड़ाई से पालन और सम्मान किया जाना चाहिए। भारत पहले ही साफ कर चुका है कि यथास्थिति में किसी भी प्रकार का एकतरफा बदलाव स्वीकार्य नहीं होगा।



### टकराव के अन्य बिंदुओं को हल करने के लिए जारी रखेंगे बातचीत

एलएसी पर चुशुल–मोल्डो में 31 जुलाई को दोनों देशों के बीच वार्ता हुई थी, जिसके बाद उन्होंने दो अगस्त को एक संयुक्त बयान जारी किया था। बयान के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच सीमा के पश्चिमी इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा से सैनिकों की वापसी पर विचारों का स्पष्ट और गहन आदान–प्रदान हुआ। दोनों पक्षों ने इस बात पर ध्यान दिया कि बैठक का यह दौर रचनात्मक रहा, जिसने आपसी समझ को और बढ़ाया। बयान के मुताबिक, दोनों देश इस बात के लिए राजी हैं कि पश्चिमी सेक्टर में एलएसी पर स्थिरता बनाए रखने के लिए वे संयुक्त प्रयास जारी रखेंगे और शांति बनाए रखने के लिए काम करेंगे।

भारतीय सेना ने कहा कि इस समझौते के चलते आमने–सामने के एक और संवेदनशील क्षेत्र का समाधान हो गया है। दोनों पक्षों ने वार्ता को आगे बढ़ाने और पश्चिमी सेक्टर में एलएसी के साथ बाकी मसलों को हल करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। भारतीय सेना प्ज्ठच के साथ देश की संप्रभुता सुनिश्चित करने और पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर शांति बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सेना ने कहा कि दोनों देशों की सेनाओं की ओर से PP–17 में समन्वित और सत्यापित तरीके से फॉरवर्ड तैनाती पूरी तरह बंद कर दी गई है। गौरतलब है कि भारत ने पहले ही कहा था कि एलएसी के सरहदी इलाकों में यथास्थिति में किसी भी प्रकार का एकतरफा बदलाव स्वीकार्य नहीं होगा।

### 12वें दौर की कोर कमांडर स्तर की बातचीत में बनी थी सहमति

12वें दौर की बातचीत में दोनों पक्षों में पेट्रोलिंग पाइंट 17–ए से पीछे हटने को लेकर समझौता हुआ था। पट्रोलिंग पाइंट 17–ए को गोगरा के नाम से जाना जाता है। इससे पहले इस साल फरवरी में दोनों पक्ष पैंगोंग झील से अपने सैनिकों को पीछे हटाने पर सहमत हुए थे। सूत्रों ने कहा कि जमीनी कार्रवाई की पुष्टि की जाएगी। उम्मीद है कि जल्द ही इस सिलसिले में कदम उठाया जाएगा। दोनों पक्ष पीपी–15 (हाट स्प्रिंग्स) और डेपसांग सहित टकराव के अन्य बिंदुओं को हल करने के लिए अपनी बातचीत जारी रखेंगे। भारत लगातार इस पर जोर देता रहा है कि दोनों देशों के बीच द्वीपक्षीय और सामान्य संबंधों की बहाली के लिए देपसांग, हाट स्प्रिंग और गोगरा समेत सभी मुद्दों का समाधान जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपक पूनिया के कोच ने रेफरी पर किया अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तोक्यो ओलिंपिक खेल गांव से भारतीय पहलवान दीपक पूनिया के कोच को बर्खास्त कर दिया गया है। भारतीय पहलवान दीपक पूनिया के विदेशी कोच मुराद गेदरोव पर गंभीर आरोप लगे हैं। मुराद गेदरोव पर आरोप है कि दीपक पूनिया के कांस्य पदक मुकाबले में हार के बाद कोच ने रेफरी के साथ मारपीट की। भारत ने इस पर सख्त रुख अपनाया और कहा गया कि उन्होंने गेदरोव को टर्मिनेट कर दिया है।

### अंडमान निकोबार में भूकंप, 4.6 मापी गई तीव्रता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह में इस सप्ताह कम होते कोरोना संक्रमण के बीचलगातार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इस क्रम में शुक्रवार को 4.6 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। 1 बजकर 49 मिनट पर आए इस भूकंप का केंद्र निकोबार आइलैंड था।

# राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड अब होगा मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड

## महिला हॉकी टीम से पीएम मोदी का भावुक संवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के खेल इतिहास में सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व जिसे हॉकी के जादूगर के नाम से जाना जाता है। मेजर ध्यानचंद ने भारत को दुनिया में अलग पहचान दिलाई और अब भारत सरकार ने उनको सबसे बड़ा सम्मान देते हुए उनके नाम पर खेल के सबसे बड़ा अवार्ड का नाम रखने की घोषणा की है। खेल रत्न अवार्ड खेल की दुनिया में शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। इसका नाम राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड है जिसे अब बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी देशवासियों को दी। उनके ट्विटर हैंडल से पोस्ट में लिखा गया कि मेजर ध्यानचंद भारत के महान खिलाड़ियों में से हैं और उनके नाम पर खेल के सबसे बड़े अवार्ड का नाम रखा जाना ही उचित होगा।

ट्विटर संदेश में लिखा गया, मेजर ध्यानचंद भारत के खिलाड़ियों में अग्रणीय हैं जिन्होंने भारत को गौरवान्वित किया और सम्मान दिलाया। यह बिल्कुल सही होगा अगर देश के खेल के सबसे बड़े अवार्ड का नाम उनके नाम पर रखा जाए।

पीएम के ट्विटर हैंडल पर इस बड़े संदेश को हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में ही जारी किया गया है। **खेल रत्न अवार्ड:** यह खेल की दुनिया में दिया जाने वाला सबसे बड़ा भारतीय खेल सम्मान है। अपने–अपने खेल में अमूल्य योगदान करने वाले खिलाड़ियों को खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। इस सम्मान को पाने वाले खिलाड़ी को 25 लाख की पुरष्कार राशि और एक प्रमाणपत्र दिया जाता है।

### दशकों बाद पुनर्जीवित हो रही है भारत की पहचान

पीएम मोदी की महिला टीम से हुई फोन पर बातचीत का वीडियो भी सामने आया है, जो बेहत भावुक कर देने वाला है। वीडियो में पीएम मोदी पूरी महिला हॉकी टीम से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने फोन पर कहा, आप सब बहुत अच्छा खेल, आपने पिछले 5–6 सालों में जो पसीना बहाया है, वह बेशक पदक न ला सका, लेकिन देश की करोड़ों बेटियों की प्रेरणा बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि आप रोना नहीं चाहिए। पीएम ने कहा, कितने दशकों के बाद हॉकी भारत की पहचान आप लोगों की वजह से पुनर्जीवित हो रही है। पीएम मोदी ने टीम व कोच सबको बधाई दी।

# संसद से सड़क तक विपक्षी विरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विपक्ष ने पेगासस जासूसी प्रकरण, पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़त और कृषि कानूनों पर चर्चा की मांग को जारी रखने का फैसला लिया है। इस क्रम में शुक्रवार को राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी दलों के नेता बस से जंतर मंतर पहुंचे और किसानों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर नारेबाजी की। साथ ही कृषि कानूनों को रद करने की मांग की।

सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रस नेता राहुल गांधी ने कहा, आज सभी विपक्षी पार्टियों ने काले कानूनों को हटाने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया। हम संसद में पेगासस की बात करना चाहते हैं, वहां पर वो पेगासस की बात नहीं होने दे रहे हैं। नरेंद्र मोदी हर हिन्दुस्तानी के फोन के अंदर घुस गए हैं।

बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं ने जंतर मंतर पर जारी किसानों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की भी बात कही थी। ये सभी नेता किसानों के समर्थन में संसद से जंतर मंतर तक पैदल जाने का फैसला लिया था। बता दें कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड्गे के कार्यालय में यह बैठक हुई। बैठक में राहुल गांधी के अलावा राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा एवं जयराम रमेश, द्रमुक के टीआर बालू, शिवसेना के संजय राउत और अन्य विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि संसद सत्र के मद्देनजर किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर जंतर–मंतर पर पिछले कुछ दिनों से सांकेतिक 'संसद' का आयोजन किए हुए हैं। किसान संगठनों की मांग तीनों कानूनों को निरस्त करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनाने की है।

### विरोध–प्रदर्शन

- जंतर मंतर पर किसान आंदोलन में शामिल हुए राहुल गांधी

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# देश में फिर बढ़े कोरोना के मामले

### 44 हजार से ज्यादा आए नए केस, मौतों में आई कमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में एक बार फिर शुक्रवार को कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक हफ्ते से ज्यादा हो गया है, जब देश में दूसरे लहर में सबसे कम यानी 29 हजार की संख्या में कोरोना के नए मामले दर्ज किए गए थे, लेकिन तब से मामले 40,000 से ऊपर ही बने हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 44,643 नए मामले आए हैं। इस दौरान देश में 41, 096 लोग रिकवर हुए हैं। वहीं, पिछले घंटों 464 लोगों की मौत हुई है। बीते दिन 533 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। वहीं अकेले केरल से 22,040 नए मामले सामने आए।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में अब तक 3 करोड़ 18 लाख 56 हजार 757 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, देश में अभी 4 लाख 14 हजार 159 सक्रिय मामले हैं। देश में अब तक 3 करोड़ 10 लाख 15 हजार 844 लोगों की रिकवरी हो चुकी है। भारत में अब तक 4 लाख 26 हजार 754 लोग कोरोना के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं।